## संपादकीय

### साझे प्रयासों में ही है समाधान

'लव जिहाद' की कथित घटनाओं के बहाने भाजपा शासित राज्यों में बनाये जा रहे धर्मांतरण निरोधक कानून की तर्ज पर ही अब असम के बाद उत्तर प्रदेश और कुछ अन्य भाजपा शासित राज्य भी दो से ज्यादा संतान वाले व्यक्ति यों को सरकारी नौकरी जैसी सुविधा से वंचित करने जैसे कदम उठाने की तैयारी कर रहे हैं। इसका मकसद जनसंख्या पर नियंत्रण के लिये जनता को प्रेरित करना है ताकि प्राकृतिक संसाधनों और सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों को यथासंभव समान रूप से मिल सके। लेकिन सरकारों के प्रयासों पर राजनीति शुरू हो गयी है। जनसंख्या नियंत्रण के किसी भी प्रयास को सांप्रदायिक रंग देना राजनीतिक दिवालियापन और संकीर्ण सोच दर्शाता है।

कोरोना संकट के दौरान सभी ने तेजी से बढ़ रही जनसंख्या के दुष्परिणामों को महसूस किया है। राज्यों में चिकित्सा सुविधाओं, अस्पतालों का अभाव, ऑक्सीजन और दवाओं के भारी संकट की वजह से लोगों ने प्रियजनों को दम तोड़ते देखा है।

देश में प्राकृतिक बल्कि मानव निर्मित संसाधन भी सीमित हैं। प्राकृतिक संसाधनों की कमी और इनके बेतहाशा दोहन से उत्पन्न खतरों पर देश की सर्वोच्च न्यायपालिका भी चिंता व्यक्त करती रही है। बेरोजगारी बढ़ रही है। जनसंख्या के अनुपात में चिकित्सा सुविधायें, शिक्षा, आवास, बिजली पानी, खाद्य सामग्री और न्याय प्रदान करने की व्यवस्था उपलब्ध करना मुश्किल हो रहा है।

आखिर अगर सरकार दो से ज्यादा संतान वाले व्यक्ति यों को सरकारी नौकरी जैसी सुविधा से वंचित करने का निर्णय लेती है तो इसे सिर्फ मुसलमान विरोधी कैसे ठहराया जा सकता है? पंचायत स्तर के चुनावों के लिये दो संतानों का फार्मूला पहले ही कई राज्यों में लागू है। हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश और ओडिशा आदि राज्यों ने बाकायदा कानून बना रखा है। इस कानून को उच्चतम न्यायालय ने भी संवैधानिक ठहराया है। दो से अधिक संतान वाले व्यक्ति यों को सरकारी नौकरी नहीं देने का संबंध है तो इस बारे में सबसे पहले पिछले साल असम सरकार ने फैसला लिया था। राज्य में कुछ विशेष सरकारी योजनाओं का लाभ में दो बच्चों की नीति लागू की जायेगी। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सहित भाजपा शासित राज्यों में इसी तरह की योजनाएं शुरू करने और दो संतान वाले परिवारों को ही सरकारी योजनाओं का लाभ देने पर सुगबुगाहट शुरू हो गयी।

इसी बीच, उत्तर प्रदेश के विधि आयोग ने भी कहा कि जनसंख्या नियंत्रण के लिये उचित योजना लागू करने पर विचार किया जा रहा है। इस आयोग के अध्यक्ष आदित्य नाथ मित्तल के अनुसार इसका उद्देश्य जनसंख्या नियंत्रण में मदद करने वालों को प्रोत्साहित करना है। देश में जनसंख्या की विस्फोटक स्थिति पर राष्ट्रपति से लेकर निचले स्तर तक राजनीतिक दलों और संगठनों ने चिंता व्यक्त की है। लगातार दो संतान की नीति अपनाने पर जोर दिया जाता है लेकिन हर बार इस तरह के प्रयास को आपात काल में 'हम दो हमारे दो' और 'छोटा परिवार सुखी परिवार' अभियान को सफल बनाने के दौरान हुयी ज्यादतियों की ओर सबका ध्यान खींचा जाता है। यह भी कितना विचित्र है कि एक ओर लगभग सभी दल बढ़ती जनसंख्या से चिंतित हैं और राज्यसभा में तो कांग्रेस तथा शिवसेना के सदस्य निजी विधेयक तक लाते हैं लेकिन सार्वजनिक मंचों पर कुछ दल इससे इतर दलीलें देने और अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव की बातें करते हैं।

*- अनूप भटनागर*

# महिला क्रिकेट : डंक्ली का अर्धशतक, इंग्लैंड ने भारत को पांच विकेट से हराया

**टांटोन ।** ऑलराउंडर सोफिया डंक्ली (नाबाद 73) रन की अर्धशतकीय पारी और कैटी क्रॉस (5/34) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर इंग्लैंड की महिला टीम ने यहां द कूपर एसोसिएट काउंटी ग्राउंड में खेले गए दूसरे वनडे मुकाबले में भारत को पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढत बना ली है। भारतीय टीम ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान मिताली राज के 92 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 59 रन के दम पर 50 ओवर में 221 रन बनाए।



लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने डंक्ली के 81 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के के सहारे नाबाद 73 रन की मदद से 47.3 ओवर में पांच विकेट पर 225 रन बनाकर मैच जीता। भारत की ओर से पूनम यादव ने दो विकेट लिए जबकि झूलन गोस्वामी, शिखा पांडे और स्नेह राणा को एक-एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की शुरूआत कुछ खास नहीं रही थी और उसने टैमी ब्यूमोंट (28) भी अपना विकेट गंवा बैठी। (10) और कप्तान हीथर नाइट (10) के विकेट जल्द ही गंवा दिए। लॉरेन विनफिल्ड हिल ने कुछ देर तक पारी को संभाला लेकिन वह 42 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। इसके बाद नताली स्काइवर (19) और एमी एलेन जोन्स

हालांकि, डंक्ली ने कैथरिन ब्रंट के साथ मिलकर छठे विकेट के लिए 92 रनों की अविजित साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। कैथरिन 46 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 33 रन बनाकर नाबाद रहीं। इससे पहले, भारतीय टीम को शैफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने अच्छी शुरूआत दिलाई और दोनों ने पहले विकेट के लिए 56 रन जोड़े। इस जोड़ी को कैटी ने मंधाना को आउट कर तोड़ा, जिन्होंने 30 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 22 रन बनाए। इसके बाद भारतीय पारी लड़खड़ा गई और उसने जेमिमा रॉड्रिग्स (8) और शैफाली (55 गेंदों पर सात चौकों की मदद से 44 रन) के विकेट गंवाए।

इसके बाद मिताली ने हरमनप्रीत कौर के साथ मिलकर पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन हरमनप्रीत (19) रन बनाकर आउट हो गईं। एक तरफ जहां भारत के विकेट गिरते रहे तो वहीं मिताली दूसरे छोर से पारी को संभाले रहीं लेकिन अंत में वह रनआउट हो गईं।

## अमूल ने डेढ़ साल में पहली बार दूध के दाम बढ़ाए

**नई दिल्ली।** गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ), अमूल के ब्रांड नाम के तहत दूध और दूध उत्पादों के विपणनकर्ता ने अहमदाबाद और सौराष्ट्र के बाजारों में दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। बढ़ोतरी गुजरात और दिल्ली-एनसीआर में 1 जुलाई से प्रभावी होगी। अहमदाबाद में अमूल गोल्ड की कीमत 29 रुपये प्रति 500 एमएल, अमूल ताजा की कीमत 23 रुपये प्रति 500 एमएल और अमूल शक्ति की कीमत 26 रुपये प्रति 500 एमएल होगी।

2 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि एमआरपी में 4 प्रतिशत की वृद्धि में तब्दील होती है जो औसत खाद्य मुद्रास्फीति से काफी कम है। मूल्य संशोधन पूरे भारत में किया जा रहा है, बाकी बाजारों में जहां अमूल अपने ताजे दूध का विपणन कर रहा है।

पिछले 1.5 वर्षों में, अमूल ने अपनी ताजा दूध श्रेणी में कोई मूल्य संशोधन नहीं किया है।

अमूल ने कहा कि तब से ऊर्जा, पैकेजिंग, लॉजिस्टिक्स की लागत में वृद्धि के कारण संचालन की कुल लागत में वृद्धि हुई है।

## देश में ही बनेगी स्टाइरिन, इंडियन ऑयल करेगी 4,495 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली।** रबड़, पेंट तथा अन्य उद्योगों में इस्तेमाल होने वाली स्टाइरिन के देश में निर्माण के लिए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन 4,495 करोड़ रुपये की लागत से संयंत्र स्थापित करेगी। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के निदेशक मंडल ने बुधवार को इस संबंध में पहले चरण की स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह देश का पहला स्टाइरिन संयंत्र होगा। इस समय इसका पूरी तरह आयात होता है। कंपनी ने बताया कि 'स्टाइरिन मोनोमर परियोजना' की क्षमता 3.87 लाख टन सालाना होगी और इसके





क्रियान्वयन में 4,495 करोड़ रुपये के पूँजी निवेश का अनुमान है। यह संयंत्र इंडियन ऑयल के पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल परिसर में लगाया जायेगा। इस परियोजना में वित्त वर्ष 2026-27 तक उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है। स्टाइरिन बनाने के लिए इथिलीन कंपनी की इंडमैक्स इकाई से लिया जायेगा जबकि बेंजीन का उत्पादन पानीपत परिसर में ही होता है। इस समय देश में हर साल करीब नौ लाख टन स्टाइरिन की खपत होती है जो पूरी तरह विदेश से मँगाई जाती है। भविष्य में माँग और बढ़ने की संभावना है। स्वदेशी संयंत्र में उत्पादन शुरू होने से 50 करोड़ डॉलर की विदेशी मुद्रा की बचत हो सकेगी। स्टाइरिन का उत्पादन पॉली स्टाइरिन, पेंट और कोटिंग्स, असंतृप्त पॉलीस्टर रेजिन और एक्रिलोनाइट्राइल ब्यूटाडाइन स्टाइरिन तथा स्टाइरिन-ब्यूटाडाइन रबड़ जैसे इलास्टोमर बनाने में किया जाता है। इंडियन ऑयल ने बताया कि स्टाइरिन संयंत्र लगाने की मंजूरी पानीपत परिसर में उत्पादन बढ़ाने की वृहद योजना का हिस्सा है। कंपनी के निदेशक मंडल ने इस साल फरवरी में परिसर की उत्पादन क्षमता 1.5 करोड़ टन से बढ़ाकर 2.5 करोड़ टन सालाना करने और इसे लिए 32,946 करोड़ रुपये के पूँजी निवेश की मंजूरी दी थी।

## विमान ईंधन के दाम लगातार दूसरी बार बढ़े

**नई दिल्ली ।** विमान ईंधन की कीमतों में एक पखवाड़े के अंतराल पर आज दूसरी बार बढ़ोतरी की गई जिससे हवाई किराया भी महँगा होने की आशंका है। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की वेबसाइट के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज से विमान ईंधन की कीमत 2,354.07 रुपये यानी 3.57 प्रतिशत बढ़कर 68,262.35 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। इससे पहले 16 जून को इसमें 2.68 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी। विमान ईंधन के कीमतों की पाक्षिक समीक्षा होती है। इस साल 01 मई से अब तक पाँच बार विमान ईंधन के मूल्यों में बदलाव किया गया है। चार बार दाम बढ़ाये गये हैं जबकि 01 जून को करीब एक प्रतिशत की कटौती की गई थी। इस दौरान दिल्ली में इसकी कीमत 10,457.07 रुपये यानी 18.09 प्रतिशत बढ़ चुकी है। विमान सेवा कंपनियों की कुल लागत का 30 से 40 प्रतिशत विमान ईंधन के मद में खर्च होता है। इस कारण विमान ईंधन की बढ़ती कीमत का असर हवाई किराये पर भी दिख सकता है।

दूसरे शहरों में भी आज से विमान ईंधन महँगा हो गया है। मुंबई में इसका मूल्य 2,414.25 रुपये (3.77 प्रतिशत) बढ़कर 66,482.90 रुपये, कोलकाता में 2,289.38 रुपये (3.27 प्रतिशत) बढ़कर 72,295.24 रुपये और चेन्नई में 2,491.51 रुपये (3.69 प्रतिशत) बढ़कर 70,011.44 रुपये प्रति किलोलीटर पर पहुँच गया।

## अक्षय सितंबर से फिर शुरू कर सकते हैं फिल्म राम सेतु की शूटिंग

आने वाले दिनों में अक्षय कुमार एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आने वाले हैं। राम सेतु भी उनकी आगामी बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। लॉकडाउन से पहले इस फिल्म की शूटिंग के दौरान अक्षय कोरोना से संक्रमित हो गए थे। इसके चलते फिल्म की शूटिंग बीच में रोक दी गई थी। अब खबर है कि अक्षय सितंबर से फिर फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। आइए जानते हैं इस बारे में और क्या जानकारी मिली है।

रिपोर्ट के मुताबिक अक्षय सितंबर से राम सेतु की शूटिंग दोबारा शुरू करेंगे। उन्होंने मानसून सीजन खत्म होने के बाद शूट फिर से शुरू करने का फैसला किया है क्योंकि फिल्म की शूटिंग खुले में होगी। टीम का शूटिंग के लिए श्रीलंका जाना मुश्किल है। दरअसल, श्रीलंका में 15 दिनों का चारंटाइन जरूरी है। ऐसे में अक्षय 15 दिन बिना काम के नहीं रह सकते। टीम ऐसा कोई कदम नहीं उठाएगी, जिसके चलते शूटिंग और पीछे खिसके।



अभिषेक शर्मा के निर्देशन में बन रही फिल्म रामसेतु में अक्षय भारतीय संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत से जुड़ी कहानी को पर्दे पर लाने वाले हैं। इस फिल्म में अक्षय पुरातत्त्वविद् का किरदार निभाएंगे। फिल्म में मर्यादा पुरुषोत्तम राम की कहानी दिखाई जाएगी। इसमें अक्षय के साथ जैकलीन फर्नांडिज और नुसरत भरूचा नजर आएंगी। नुसरत इसमें उनकी पत्नी की भूमिका में होंगी और जैकलीन, अक्षय की टीम मेंबर होंगी, जो मिशन राम सेतु में अक्षय की मदद करती हैं।

अक्षय ने पिछले साल दिवाली पर राम सेतु का ऐलान किया था। उन्होंने फिल्म का पोस्टर शेयर किया था। इसके साथ अक्षय ने लिखा था, इस दीपावली, भारत राष्ट्र के आदर्श और महानायक भगवान श्री राम की पुण्य स्मृतियों को युगों-युगों तक भारत की चेतना में सुरक्षित रखने के लिए एक ऐसा सेतु बनाया, जो आने वाले पीढ़ियों को राम से जोड़ कर रखे।

## अनुष्का शर्मा ने बेटी वामिका के जन्म के बाद कराया नया हेयरकट

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. वह आए दिन अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं. बेटी वामिका के जन्म के बाद से अनुष्का उसकी देखभाल में लगी हुई हैं. अनुष्का इन दिनों पति विराट और बेटी वामिका के साथ इंग्लैंड में हैं. विराट टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड गए हैं. वहां के मौसम को एंजॉय करते हुए अनुष्का तस्वीरें शेयर करती रहती हैं. अब अनुष्का ने हेयरकट करवाया है जिसकी तस्वीर शेयर की है.

अनुष्का ने अपने बाल छोटे करवा लिए हैं. फोटो में अनुष्का



शॉर्ट हेयर के साथ व्हाइट कलर का टॉप और मस्टर्ड कलर का जैकेट पहना हुआ है. उनका लुक फैंस को काफी पसंद आ रहा है. अनुष्का ने फोटो शेयर करते हुए लिखा- जब बेबी के जन्म के बाद बाल झड़ने लगे तो आपको अच्छे हेयरकट की और तारीफ करने लगे. सोनम अपने शानदार हेयरस्टाइलिस्ट से कनेक्ट करवाने के लिए शुक्रिया. अनुष्का की तस्वीरों पर उनके फैंस कमेंट करके उनके नए हेयरकट की तारीफ कर रहे हैं. एक फैन ने लिखा- आप ग्लो कर रही हैं. वहीं दूसरे फैन ने लिखा- शानदार. अनुष्का की इस फोटो को 10 लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं. आपको बता दें अनुष्का शर्मा और विराट कोहली इस साल की शुरुआत में माता-पिता बने थे. उन्होंने फरवरी में अपनी बेटी की तस्वीर शेयर करके उनका नाम सभी को बताया था.

## जयललिता के बाद अब इंदिरा गांधी बनने जा रही हैं कंगना रनौत

बॉलीवुड की बेबाक एक्ट्रेस कंगना रनौत अपनी दमदार अदाकारी के लिए पूरी इंडस्ट्री में मशहूर हैं. जहां एक्ट्रेस की फिल्मों की पसंद को



बढ़िया माना जाता है. जहां अब कंगना के पास कई दमदार फिल्में जो उनके पास पाइपलाइन में पड़ी हुई है. जहां अब खबर है कि कंगना रनौत बहुत जल्द हमें भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के रोल में नजर आएंगी. कंगना पिछले कई साल से इस रोल को निभाना चाहती थीं. जहां उनके फैंस भी पिछले कई साल से उनके इस प्रोजेक्ट को लेकर खूब बात भी कर रहे थे. जहां अब एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया पर इसकी एक छोटी सी झलक भी दिखाई है. आपको बता दें, एक्ट्रेस ने अब से कुछ देर पहले ही अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ स्टोरी को पोस्ट किया है. जो अब वायरल हो रही है. कंगना ने इस स्टोरी में बताया है कि वो अब अपनी नई फिल्म की तैयारी को शुरू कर रही हैं.

## आज का राशिफल

मेष :- आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए स्थान परिवर्तन के साथ आय वृद्धि के योग बनेंगे।

वृषभ :- आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। गृह-नक्षत्रों के योग आपके अनुकूल रहेंगे और आर्थिक योजनाएं सफल होंगी।

मिथुन :- आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और लाभ की स्थिति रहेगी। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी, लेकिन अपने प्रयासों से कार्य सफल होंगे।

कर्क :- आज का दिन सामान्य रहेगा। अनावश्यक खर्च की अधिकता रहेगी, लेकिन आय में वृद्धि होने से आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी।

सिंह :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा विवाद में फंस सकते हैं। रुपये के लेन-देन से पचें।

कन्या :- आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी और दिन भागदौड़ में बीतेगा। फिर भी परिवारजनों के साथ अच्छा वातावरण प्राप्त होने से आपकी प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

तुला :- आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। आकस्मिक धनलाभ की भी संभावना बन रही है।

वृश्चिक :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में बाधाएं आ सकती हैं और कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी।

धनु :- आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में विशेष लाभ मिलने के योग रहेंगे। उच्च पदाधिकारी आपके कार्य से प्रसन्न रहेंगे।


मकर :- आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यापार को लेकर प्रवास हो सकता है, लेकिन अपेक्षित सफलता नहीं मिलने से मन व्यथित रहेगा।

कुम्भ :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यवसाय विस्तार की योजनाएं बनाएंगे, लेकिन अपेक्षित सफलता नहीं मिलने से मन में व्यग्रता रहेगी।

मीन :- आज का दिन सामान्य रहेगा। नराकात्मक विचारों से दूर रहें, अन्यथा बड़ा नुकसान होने की संभावना रहेगी। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी, जिससे मन व्यग्र रहेगा।

## ब्रोकली के चटपटे और लजीज़ कबाब

ब्रोकली बाकी सब्जियों से थोड़ी महंगी जरूर होती है लेकिन इसमें बॉडी के लिए कई सारे जरूरी न्यूट्रिशन शामिल होते हैं। तो सब्जी के अलावा इसे हम और भी कई तरीकों से खा सकते हैं।



### सामग्री :

ब्रोकली कद्दूकस की हुई- 300 ग्राम, आलू उबला व कद्दूकस किया हुआ- 50 ग्राम, अदरक-लहुसन कद्दूकस किए हुए- 2 चम्मच, चाट मसाला- 1 टीस्पून, भुना हुआ जीरा पाउडर- 1 टीस्पून, इलायची पाउडर- 1 टीस्पून, सौफ़ पाउडर- 2 टीस्पून, चने का आटा भुना हुआ- 30 ग्राम, जीर- 5 ग्राम, घी- फ्राई करने के लिए

### विधि :

पैन गरम करें उसमें दो टेबलस्पून घी गर्म कर लें। उसमें जीरा, लहसुन- अदरक का पेस्ट डालकर सुनहरा होने तक भूनें।

ब्रोकली डालें और उसका पानी निकलने तक पकाएं। पैन से निकालकर किनारे रख दें।

अब इसमें कद्दूकस किया हुआ आलू, भुना जीरा, इलायची पाउडर और नमक डालकर मिलाएं।

मिश्रण के ऊपर भुना हुआ बेसन छिड़कें और अच्छी तरह से बाइंड करें और कबाब तैयार करने के लिए तैयार मिश्रण के छोटे-छोटे गोले बना लें। आप इसे चपटा कर लें।

अब फ्राइंग पैन में तेल या घी डालकर गर्म करें और इसमें कबाब को सुनहरा होने तक फ्राई कर लें।

हरी या लाल अपनी मनपसंद चटनी के साथ गर्मागर्म सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 127

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | 4 | | 5 | |
| | | | | | | | 6 | |
| | 7 | | | | | | | |
| 8 | | | | 9 | | | | |
| 10 | | | | | | | | 11 |
| | | 12 | | | | | 13 | |
| 14 | 15 | | | | 16 | 17 | | |
| | | | 18 | | | | | |
| 19 | | | | | | | 20 | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 126 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |

## सू-दोकू- 127

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.126 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |